देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 270 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**तेल की आपूर्ति बढ़ाने का फैसला



# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 3 फरवरी 2022



मौसम अधिकतम 15.0° न्यूनतम 6.0°

39243.39

2 अफगानिस्तान में खुलेंगी 150 यूनिवर्सिटी
7 श्रीसंत के नाम आईपीएल में 40 विकेट

# आपका पैसा बर्बाद कर रही भाजपा सरकार

## प्रियंका गांधी ने देवभूमि से भरी चुनावी हुंकार

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड चुनाव की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। भाजपा–कांग्रेस दोनों दलों के दिग्गजों के महारथी प्रचार अभियान को धार दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा उत्तराखंड दौरे पर पहुंची। यहां उन्होंने दून में एक कार्यक्रम में पार्टी का घोषणापत्र उत्तराखंडी स्वाभिमान प्रतिज्ञा पत्र जारी किया। अब वे 70 विधानसभा क्षेत्रों में वर्चुअल रैली को भी संबोधित किया। उन्होंने चारधाम (बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री यमनोत्री) को नमन कर अपने संबोधन की शुरुआत की।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने कोई काम नहीं। सिर्फ आपका पैसा बर्बाद किया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में जिस तरह से सरकार काम कर रही है, उसे देखकर बेहद बुरा लगा रहा है।

**पांच को उत्तराखंड आएंगे राहुल**

पांच फरवरी को पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी उत्तराखंड आएंगे। उनकी सभा देहरादून अथवा हरिद्वार में से किसी एक स्थान पर कराई जाएगी। उसी स्थान से उस सभा का सजीव प्रसारण भी सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा। इससे पहले सोमवार को राजस्थान के उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट देहरादून पहुंचे। उन्होंने राजपुर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार किया।

**खुद को उत्तराखंड से जोड़ाः** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अपने परिवार को देहरादून और उत्तराखंड से जोड़ा। कहा मेरे पिता, चाचा, मैं, मेरा भाई और मेरे बच्चे देहरादून में पढ़े हैं। सरकार पर हमला बोलना शुरू किया। कहा, भाजपा की सरकार उत्तराखंड में कुछ नहीं कर रही है। उत्तराखंड की महिलाओं को कहा, मैं समझती हूं आपके ऊपर अतिरिक्त बोझ होता है।



**प्रीतम सिंह ने भाजपा सरकार को लिया आड़े हाथः** नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि जनता परिवर्तन चाहती है और इस बार कांग्रेस को मौका देगी। प्रीतम आगे बोले, कोरोनाकाल में भाजपा सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई। वर्तमान सरकार को खनन और शराब माफिया चला रहे है। कांग्रेस सत्ता में आते ही लोकायुक्त नियुक्त करेगी ताकि जनता के प्रति सरकार कि जवाबदही तय होगी।

> *उत्तराखंड की महिलाओं को कहा, मैं समझती हूं आपके ऊपर अतिरिक्त बोझ होता है।*
> – प्रियंका गांधी वाड्रा।

**जुमलेबाजी की यूनिवर्सिटी से पढ़के निकल रहे हैं नेताः** प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी भाजपा सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार जुमलेबाजी में माहिर है। सभी नेता जुमलेबाजी की यूनिवर्सिटी से पढ़कर निकल रहे हैं। उन्होंने अपील की कि कांग्रेस को वोट दीजिए हर घर एक व्यक्ति को रोजगार देंगे।

### भाजपा सरकार ने नहीं किया कोई काम– हरीश रावत

हरीश रावत बोले, उत्तराखंड में भाजपा सरकार ने कुछ नहीं दिया, दिए तो केवल तीन–तीन मुख्यमंत्री। प्रदेश में शिक्षा व स्वास्थ्य का ढांचा चरमराया हुआ है। इसलिए कांग्रेस ने हर गांव हर द्वार स्वास्थ्य सुविधाएं देने का वादा किया है। प्रदेश के पांच लाख परिवारों को आर्थिक सहायता देंगे। देश में गरीब को और गरीब बना दिया और चंद उद्योगपतियों को अरबपति बना दिया। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव की जंग हर दिन रोचक हो रही है। भाजपा–कांग्रेस समेत अन्य पार्टियों के दिग्गज देवभूमि का दौरा कर यहां की जनता को साधने में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी उत्तराखंड के दौरे पर पहुंची और यहां चुनावी प्रचार को धार देने का काम किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राफेल के समुद्री संस्करण का गोवा में सफल उड़ान परीक्षण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। फ्रांस निर्मित लड़ाकू विमान राफेल के समुद्री संस्करण का गोवा में सफल उड़ान परीक्षण किया गया है और इसके लिए परिस्थितियां ठीक वैसी ही बनाई गई थीं, जैसी स्वदेश विकसित विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर होती हैं। एक शीर्ष राजनयिक ने यह जानकारी दी। राफेल–एम की प्रतिस्पर्धा अमेरिका निर्मित सुपर हार्नेट से है।

### देश में कोरोना के एक लाख 61 हजार नए मामले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोरोना की तीसरी लहर अब खत्म होने की ओर है। पिछले कुछ दिनों से कोरोना के मामलों में हो रही लगातार गिरावट से इसके संकेत मिल रहे हैं। हालांकि, मृतकों की संख्या में हो रहा इजाफा टेंशन बढ़ा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना को लेकर अपडेट जारी किया है। इसके अनुसार, देश में बीते 24 घंटे में कोरोना के 1,61,386 नए मामले मिले हैं।

# अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाएंगे, पेट्रोल डीजल का पैसा नहीं भेजेंगे विदेश

## प्रधानमंत्री ने आम बजट को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी बुधवार को बजट और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर विस्तार से बात करने के लिए देश भर के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि इस समय देश 100 साल में आई सबसे बड़ी वैश्विक महामारी से लड़ रहा है। कोरोना का ये कालखंड दुनिया के लिए अनेक चुनौतियां लेकर आया है। दुनिया उस चौराहे पर आकर खड़ी हो गई है, जहां टर्निंग प्वाइंट निश्चित है। आगे जो दुनिया जो हम देखने वाले हैं, वो वैसी नहीं होगी, जैसी कोरोना से पहले थी।

पीएम मोदी ने कहा कि हर साल जो लाखों करोड़ रुपए हम खाद्य तेल खरीदने के लिए विदेश भेजते हैं वो देश के किसानों को ही मिले, इसके लिए विशेष योजनाएं लागू की जा रही हैं। अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का एक बड़ा अभियान निरंतर चल रहा है जिसके माध्यम से खेत में ही सोलर पैनल लगाने के लिए मदद दी जा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आज समय की मांग है कि भारत की कृषि भी आधुनिक बने, नए तौर–तरीके अपनाएं। किसानों पर बोझ कम हो। देश की कृषि को टेक्नॉलॉजी आधारित और कैमिकल फ्री बनाने के लिए बड़े कदम इस बजट में उठाए गए हैं। बीते बजट में हमने किसान रेल और किसान उड़ान की सुविधा सुनिश्चित की, अब किसान ड्रोन किसान का नया साथी बनने वाला है। इससे जुड़े स्टार्ट–अप्स को फंड करने के लिए नाबार्ड के माध्यम से मदद भी दी जाएगी। आज सस्ता और तेज इंटरनेट भारत की पहचान बन चुका है। बहुत जल्द सभी गांव तक ऑप्टिकल फाइबर कनेक्टिविटी पूरी होगी। 5जी सर्विस भारत में ease of living और ease of doing business को एक अलग ही आयाम देने वाली है।

**हमारी फिजिकल करेंसी है उसका ही डिजिटल स्वरूप होगा**

पीएम मोदी ने कहा कि आज के अखबारों में डिजिटल करेंसी की भी काफी चर्चा है। इससे डिजिटल इकॉनॉमी को बहुत बल मिलेगा। ये डिजिटल रुपया अभी जो हमारी फिजिकल करेंसी है उसका ही डिजिटल स्वरुप होगा और इसे त्ठप् द्वारा बवद. जतवस किया जाएगा। इसको फिजिकल करेंसी से एक्सचेंज किया जा सकेगा।

# राम भक्तों के खून से सनी है यह लाल टोपी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बुलंदशहर। गुलावठी में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के बीच लोकतंत्र के महापर्व का आयोजन हो रहा है। यहां पर आप सभी लोगों का मैं अभिनंदन करता हूं कि आपने वैक्सीनेशन करा लिया है। जिन लोगों ने अभी भी वैक्ससीन नहीं ली है, वह मतदान से पहले पहली डोज जरूर लगवा लें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस महामारी में लोगों के जीवन और जीविका को बचाने का काम किया गया है। 2017 में प्रदेश में आतंक का माहौल था। अब चुनाव में यह जो दो लड़कों की जोड़ी आई है, यह 2014 और 2017 के चुनाव में भी बनी थी। मुजफ्फरनगर में सचिन और गौरव की हत्या हुई थी। लखनऊ वाला लड़का दंगाइयों को बुलाकर सम्मानित कर रहा था, दिल्ली वाला लड़का दंगाइयों का बचाव कर रहा था। उन्होंने कहा कि चुनाव में विरोधियों को जोरदार डोज देने की जरूरत है।

सीएम ने कहा कि नाम समाजवादी, सोच परिवार वादी और काम दंगा वादी। आज कावड़ यात्रा भी नहीं रुक रही और बेटियों को भी कोई नहीं रोक रहा। सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि पार्टी की लाल टोपी मुजफ्फरनगर दंगों के हिंदुओं व राम भक्तों के खून से सनी हुई है।

## निशाना

■चुनाव में विरोधियों को जोरदार डोज देने की आवश्यकता: योगी

**देश में बेरोजगारी चरम परः खड़गे**

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश में व्यापक बेरोजगारी व्याप्त है। युवा संकट में हैं क्योंकि बड़े कारखाने बंद हो रहे हैं, निवेश नहीं आ रहा है और सरकारी नौकरियों की संख्या घट रही है। खड़गे ने कहा कि आपने 2014 में भाजपा ने हर साल 2 करोड़ नौकरियों का वादा किया था।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# एक जवान की शहादत पर मारे गए चार गुना आतंकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के ढाई साल बाद भी घाटी में शांति नहीं लौट पाई है। खासकर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के चलते केंद्र शासित प्रदेश में आए दिन सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ की खबरें सामने आ जाती हैं। अब सरकार ने संसद में बताया है कि जम्मू–कश्मीर से विशेष राज्य का दर्जा छीने के बाद से 541 आतंकी घटनाओं में सुरक्षाबलों के 109 जवान शहीद हुए हैं। हालांकि, हर एक जवान की शहादत पर चार आतंकी भी मारे गए हैं।

गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में बताया कि जम्मू–कश्मीर में 5 अगस्त 2019 से अब तक 439 आतंकियों को मार गिराया गया है। हालांकि, इस बीच आतंकी हमलों में 98 आम नागरिकों की जान भी गई है। इसके अलावा करीब 5.3 करोड़ रुपये की संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि भारत में आतंकवादी संगठनों के रूप में नामित संगठनों की संख्या 42 है।

**चीन तिआनवेंडियान हाइवे को चौड़ा कर रहा है**